वेटरनरी कॉलेज में मनाया गया विश्व रेबीज दिवस ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज थीम पर कार्यशाला एवं एंटी रेबीज टीकाकरण का आयोजन

रेबीज एक जोनोटिक विषाणु जनित बीमारी है यह बीमारी आमतौर पर बीमारी ग्रसित कुत्ते या अन्य जंगली जानवरों के काटने से फैलती है। इस जानलेवा बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 28 सितंबर को वर्ल्ड रेबीज डे मनाया जाता है। फ्रेंच केमिस्ट और माइक्रोबायोलॉजीस्ट लूई पाश्चर की मृत्यु 28 सितंबर को हुई थी जिन्होंने सन् 1885 में पहली बार रेबीज के वैक्सीन को विकसित किया था। यही कारण है कि हर साल यह दिन विश्व रेबीज दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में विश्व रेबीज दिवस पर 2030 तक कुत्तों की मध्यस्थ वाले रेबीज उन्मूलन के लिए अपनी नई राष्ट्रीय नियंत्रण योजना शुरुआत की है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे हम सभी को एक स्वस्थ और सुरक्षित दुनिया में जीवन यापन करने का मौका मिल सकता है वर्ष 2024 के लिए विश्व रेबीज दिवस का विषय ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज है जिसे प्रगति की आवश्यकता और यथा स्थिति से आगे बढ़ने पर प्रकाश डालने के लिए चुना गया था दुनिया के पास सबसे पुराने संक्रमण चक्र को तोड़ने के लिए दवाई उपकरण और प्रौद्योगिकियां हैं एवं हम एक जड़ता से रेबीज को खत्म कर सकते हैं।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के निर्देशन में विश्व रेबीज दिवस का आयोजन महाविद्यालय में बड़े स्तर पर किया गया सर्वप्रथम माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा जी के द्वारा पशु चिकित्सा परिसर में स्वान को प्रथम टीकाकरण कर प्रातः 10:00 बजे निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण का शुभारंभ किया इसके उपरांत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पशु औषधि विभाग जबलपुर द्वारा होटल कल्चुरी रेजिडेंसी में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस के परिणाम जे.बी.एस. स्टेट डी.आई. भोपाल डॉ. शिवा जे.बी.एस. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर डॉ. संजय मिश्रा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. राखी वैश ने की एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान विभिन्न विषयों कि विशेषज्ञों

के द्वारा ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज थीम पर व्याख्यान दिए गए जिसमें डॉ. संजय, एडिशनल डिप्टी डायरेक्टर एवं स्टेट नोडल ऑफिसर वन हेल्थ भोपाल डॉ. संजय मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर एवं डॉ. आर.वी. सिंह प्रोफेसर एवं विभाग प्रमुख वेटरनरी पब्लिक हेल्थ एंड रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया इस कार्यक्रम में डॉ. संजय द्वारा रेबीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में समस्त छात्राओं एवं शिक्षकगणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिसमें उन्होंने रेबीज बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं एवं उनके लक्षण के बारे में छात्राओं को बताएं इसके साथ ही रेबीज जागरूकता के लिए वीडियो क्लिप एवं ए व्हाइट का अवेयरनेस शीर्षक पर छात्र एवं छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया इसी क्रम में पशु औषधि विभाग के विशेषज्ञों द्वारा संपादित पुस्तिका का मुख्य अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया माननीय कुलपति महोदय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं रेबीज उन्मूलन के लिए साथ मिलकर अग्रसर होने की प्रेरणा दी।

इस उपलक्ष में छात्र–छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता जिसमें निबंध प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो की पूर्णता थीम पर आधारित थे और विगत दो दिन से विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित किया जा रहे थे जिसमें इन्नोवेटिव एवं ज्ञान पूर्ण रूप से छात्रों ने बढ़–चढ़कर भागीदारी दिखाई जिसके परिणाम 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस के दिन घोषित किए गए निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौम्या कठिन द्वितीय स्थान शशांक विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान युक्ति से एवं भूमिका साहू को प्राप्त हुआ चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नितेश कर्व द्वितीय स्थान इंद्रनील एवं तृतीय स्थान चौतन्य वालिया ने प्राप्त किया प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डॉ. आदित्य प्रताप द्वितीय स्थान अतुल कुमार पीपल तनुज जैन एवं वंदना गुप्ता ने एवं तृतीय स्थान रुचि निर्मल ने प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में डॉ. शशिकांत जोशी डॉ. एस.एस. तोमर डॉ. मधु स्वामी डॉ. शोभा जावरे डॉ आदित्य मिश्रा डॉ. अपरा शाही डॉ. बृजेश सिंह डॉ. शशी प्रधान डॉ. रणधीर सिंह डॉ. रणवीर सिंह जाटव एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए हुए पशु चिकित्सा सहायक उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. देवेंद्र गुप्ता और सह–आयोजन सचिव डॉ. अमिता तिवारी रहे एवं कार्यक्रम के अंत में डॉ रणवीर सिंह जाटव ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएचडी छात्र आदित्य प्रताप सलिल कुमार पाठक एवं स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर